# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०
## Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.
(बिहार सरकार का उपक्रम)

ISO 9001:2008, 14001:2004

पत्रांक– 211
दिनांक– 15/11/25

पता : पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड / West Boring Canal Road, पटना / Patna - 800 001, दूरभाष / Phone :- 0612 -2558412, ईमेल / E-mail : mdbuidco@gmail.com, website: http://buidco.in
CIN – U45200BR2009SGC014600


## कार्यालय आदेश

बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०, (बुडको) द्वारा क्रियान्वित की जा रही आनन्दपुरी नाला, कुर्जी नाला, सैदपुर नाला एवं बाकरगंज नाला योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजनाओं की समीक्षा अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रत्येक बुधवार को अपराह्न 05:00 बजे किया जायेगा। इस हेतु मुख्यालय स्तर पर निम्नलिखित को नोडल पदाधिकारी नामित किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | नोडल पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम |
|---|---|---|
| 01. | आनन्दपुरी नाला | श्री विजय कुमार, उप परियोजना निदेशक।<br>श्री प्रफुल कुमार, उप परियोजना निदेशक। |
| 02. | कुर्जी नाला | श्री विजय कुमार, उप परियोजना निदेशक।<br>श्री अभिषेक आनन्द, उप परियोजना निदेशक। |
| 03. | सैदपुर नाला | श्री शैलेन्द्र नारायण दुबे,उप परियोजना निदेशक।<br>श्री विकास कुमार गुप्ता, उप परियोजना निदेशक। |
| 04. | बाकरगंज नाला | श्री शैलेन्द्र नारायण दुबे,उप परियोजना निदेशक।<br>सुश्री प्रिया कुमारी, उप परियोजना निदेशक। |

अधोहस्ताक्षरी द्वारा किये जाने वाली समीक्षा बैठक हेतु निम्नवत तैयारी अपेक्षित है:–

1. उपरोक्त के अनुसार अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त योजना के परियोजना निदेशक एवं संवेदक के साथ VC के माध्यम से समीक्षा बैठक किया जायेगा। जिसमें नोडल पदाधिकारी संबंधित परियोजना निदेशको से योजना की अद्यतन स्थिति का प्रतिवेदन प्राप्त कर समेकित करते हुए अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगे।
2. नोडल पदाधिकारी की जवाबदेही रहेगी की क्रियान्वित योजनाओं का साप्ताहिक प्रतिवेदन (भौतिक एवं वित्तीय प्रगति) के साथ पॉच रंगो (हरा, पीला, लाल, ब्लू, काला) का कोडिंग करेगें। जिसमें हरा रंग योजना की प्रगति अच्छी है, पीला रंग योजना की प्रगति सामान्य है, लाल रंग योजना की प्रगति धीमी है, ब्लू रंग योजना में राशि/आवंटन की समस्या है एवं काला रंग योजना में हो रहे विचलन को दर्शायेंगे।
3. योजनाओं में होने वाली समस्याओं के समाधान एवं आवश्यक दिशा–निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त भी संबंधित परियोजना निदेशक द्वारा योजना में आवश्यक प्रगति नही लाई जाती है तो उनके विरूद्व अधोहस्ताक्षरी द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

यह आदेश तत्काल प्रभार से लागू होगा।

ह0/–
प्रबंध निदेशक,
बुडको, पटना।

ज्ञापांक – 3224 दिनांक – 15/11/25

1. प्रतिलिपि –सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. प्रतिलिपि –प्रबंध निदेशक, कोषांग, बुडको पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

14/11
प्रबंध निदेशक